# स्वाध्याय

| संकेत : बाएं से दाएं | उत्तर |
|---|---|
| (1) नए जमाने का, आजकल का (4) | आधुनिक |
| (3) लड़का, बच्चा (3) | बालक |
| (5) रात, निशा (3) | रजनी |
| (7) साँस, प्राण, जीवन शक्ति (2) | दम |
| (9) हिन्दी साहित्य का एक काल (4) | रीतिकाल |
| (11) सिर, बाण, तालाब (2) | सर |
| (12) गाने के साथ बजाया जानेवाला (2) | साज़ |
| (13) अभिप्राय, वास्ता (4) | मतलब |
| (14) होठ, ओष्ठ (2) | लब |
| (16) तह, स्तर (3) | परत |
| (18) खाद्य सामग्री, अनाज (3) | रसद |
| (19) यश की कथा (4) | यशोगान |

| संकेत : ऊपर से नीचे | उत्तर |
|---|---|
| (1) उल्लास, खुशी, हर्ष (3) | आनंद |
| (2) हाथ (2) | कर |
| (3) वचन, संस्थापक (2) | बानी |
| (4) परमेश्वर (4) | करतार |
| (6) अपमान, बेइज्जती (4) | जलालत |

| | |
|---|---|
| (8) रोगी, बीमार (3) | मरीज |
| (10) आलसी, निकम्मा (4) | कामचोर |
| (11) बलवान, ताकतवर (3) | सबल |
| (12) प्रत्यक्ष भेंट, मुलाकात (4) | साक्षात्कार |
| (15) शरीर, देह (3) | बदन |
| (16) ओहदा, दर्जा, पाँव (2) | पद |
| (17) निश्चित, निर्णीत (2) | तय |

प्रश्न 2. उचित स्थान पर (!) (।) () (?) (:) (" ") विराम चिह्न लगाइए:

(क) आप क्या खाएंगे

(ख) माँ ने पूछा नन्ही बेटी तुम कहाँ रह गई थी

(ग) छि कितना गंदा पानी है

(घ) मेरी पुस्तक का नाम रामायण है

(च) वाह कितनी अच्छी किताब है

उत्तर : (क) आप क्या खाएंगे?

(ख) माँ ने पूछा, "नन्ही बेटी, तुम कहाँ रह गई थी?"

(ग) छि: ! कितना गंदा पानी है!

(घ) मेरी पुस्तक का नाम 'रामायण' है।

(च) वाह ! कितनी अच्छी किताब है।

प्रश्न 3. समान तुक वाले शब्द बनाइए और लिखिए :

उदाहरण : खाना-खाना, गाना, नाना, दाना

तन -मन, धन, वन, फन

नानी - रानी, धानी, पानी, जानी

उत्तर : (1) नंदन - वंदन, चंदन, चंदन, मंजन

(2) डाल -खाल, माल, भाल, लाल

(3) माली-खाली, प्याली, गाली, काली

प्रश्न 4. आपके घर में या आसपास कोई-न-कोई पेड़ होगा, उसके बारे में कुछ वाक्य लिखिए।

उत्तर : मेरे घर के सामने बरगद का पेड़ है। उसकी जड़ें जमीन में गहराई तक गई हुई हैं। उसका तना मोटा है। उसकी डालियाँ चारों ओर खूब फैली हुई हैं। उन पर अनेक पक्षियों के घोंसले हैं। बरगद के चारों ओर पक्का चबूतरा बना हुआ है। चबूतरे पर आते-जाते लोग बैठते हैं। बरगद की छाया में बच्चे खेलते हैं। वटसावित्री के दिन मोहल्ले की स्त्रियां बरगद की पूजा करती हैं।

प्रश्न 5. नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए :

| | उत्तर |
|---|---|
| उदाहरण : शिल्पा भोली-भाली लड़की है। | भोली-भाली |
| (1) कक्षा में चार बच्चे बैठे थे। | चार |
| (2) नीम की पत्तियां कड़वी लगती हैं। | कड़वी |
| (3) नदी में काला पानी है। | काला |
| (4) यह किताब मेरा भाई लाया है। | यह |
| (5) गिलास में थोड़ा-सा शरबत डाला है। | थोड़ा-सा |
| (6) हमारी पाठशाला में बड़ा बगीचा है। | बड़ा |
| (7) बाजार में पके केले मिलते हैं। | पके |

प्रश्न 6. चित्र में रंग भरिए और चित्र के बारे में कीजिए:



उत्तर :

इस चित्र में एक किसान ट्रेक्टर में फसल की बोरियाँ भरकर ले जा रहा है। इन बोरियों में उसके खेत में पैदा हुई फसल है खेत के पास पक्का कुओं है। खेत में ही किसान का छोटा-सा घर है। यह चित्र सूचित करता है कि हमारे राज्य में कृषि-उद्योग का अच्छा विकास हुआ है। किसान सुखी और समृद्ध हुए हैं।

प्रश्न 7. शब्दकोश के क्रम में लिखिए :

पेड़, चिड़िया, कांटा, नदी, पानी, पक्का, पतला, पूजन

उत्तर : कांटा, चिड़िया, नदी, पक्का, पतला, पानी, पूजन, पेड़